**आयोजन** राष्ट्रीय युवा दिवस पर शहपुरा, चिल्हारी, उमरिया, अमरपुर में कार्यक्रम हुए आयोजित, योग-सूर्य नमस्कार और 'रन फॉर स्वदेशी' में युवाओं ने लिया भाग

# युवा राष्ट्र निर्माण में निभा सकते हैं अहम भूमिका : एसडीएम



**शहपुरा नवभारत 12 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शहपुरा नगर योग, स्वास्थ्य और स्वदेशी की भावना से सराबोर नजर आया।

उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक योग, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं 'रन फॉर स्वदेशी' का सफल आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा जगत की ऐतिहासिक सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में नगर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों सांदीपनि विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ-साथ शासकीय आदर्श महाविद्यालय एवं शासकीय स्नातक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता ने आयोजन को प्रेरणादायी और अनुकरणीय बना दिया।

### विद्यार्थियों ने जोश के साथ लगाई दौड़

कार्यक्रम में एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ योग एवं सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित 'रन फॉर स्वदेशी' में विद्यार्थियों ने अनुशासन और जोश के साथ दौड़ लगाई।

### युवाओं से नियमित योग करने अपील की

एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योग और प्राणायाम को दैनिक जीवन में अपनाकर युवा सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं ज्ञानदीप त्रिपाठी ने युवाओं से नियमित योग करने की अपील की। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार राय, बीआरसी गुरु प्रसाद साहू, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। मंच संचालन जन शिक्षक अश्वनी कुमार साहू ने किया।

## स्वस्थ रहने के लिए योग करना आवश्यक : प्राचार्य



▸ युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का किया गया आयोजन



**चिल्हारी नवभारत 12 जनवरी।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी की श्री राम एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन विशेष तौर से किया गया। इसमें स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। श्री राम एकेडमी चिल्हारी में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें योग गुरु अनूप गुप्ता के मार्ग दर्शन में बच्चों व विद्यालय के शिक्षकों ने योग किया और वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत तिवारी की उपस्थित में स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में शिक्षकों ने बच्चों को जानकारी दी। इस दौरान बच्चों ने नित्य सूर्य नमस्कार व योग करने का प्रण लिया। विद्यालय के प्राचार्य रवी अवस्थी ने बच्चों को बताया कि स्वस्थ रहने एवं आगे बढ़ने के लिए योग अति आवश्यक है।

### बड़छड़ में भी हुआ आयोजन

मानपुर जनपद की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडछड में भी सूर्य नमस्कार योगा का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य त्रपाठी एवं विद्यालय के सभी स्टाफ की गरिमा मई उपस्थित में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार व योग का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के प्राचार्य त्रिपाठी द्वारा बच्चों को योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक मानसिक विकास के बारे में बताया गया।

### अमरपुर में भी किया गया सामूहिक सूर्य नमस्कार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपुर में विद्यालय के प्राचार्य पवन चतुर्वेदी एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति में सूर्य नमस्कार प्रातः लगभग नौ बजे किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा बच्चों को योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक क्षमता की वृद्धि के विषय की जानकारी दी गई।




## रितिक और मालती रहे प्रथम स्थान पर

▸ अमरपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस पर रन फॉर स्वदेशी का आयोजन

**अमरपुर नवभारत 12 जनवरी।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस उपलक्ष्य में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती मालती तिवारी एवं ग्राम पंचायत अमरपुर सरपंच रामनाथ उद्दे द्वारा हरी झंडी दिखा कर रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का शुभारंभ कर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के स्वदेशी भावना, युवाओं में राष्ट्रभक्ति और आत्मगौरव, आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के साथ स्वदेशी वस्तु खरीदने व उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर, स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम, जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे की संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। रन फॉर स्वदेशी प्रतियोगिता में रितिक मार्को एवं मालती मरकाम प्रथम स्थान प्राप्त किए।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. आशीष मरावी, हुस्नआरा अंसारी, डॉ. निधि सिंह, डॉ. निगहत खान, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, प्रदीप कहार, जयदीप दुबे, दीपचंद गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, समीर धुर्वे, सहज सिंह मरावी, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संगीतमय प्रवचनों की हुई अमृत वर्षा



▸ मां उचेहरा धाम में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन

**नौरोजाबाद नवभारत 12 जनवरी।** रेलवे स्टेशन से 4 किलोमीटर दूरी पर स्थित शक्तिपीठ मां ज्वाला धाम उचेहरा में 4 जनवरी से आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का रविवार को अंतिम दिवस सुदामा चरित्र, फूलों की होली तथा श्रीमद् भागवत महापुराण के विश्राम का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कार्यक्रम के दौरान श्री श्री 1008 श्री बच्चू महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रवण किया एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। इस पावन अवसर पर भक्ति गीतों और संगीतमय कथा के माध्यम से विद्वान आचार्य श्री विनायकांत त्रिपाठी (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा अपनी विशिष्ट शैली में संगीतमय प्रवचनों की अमृत वर्षा की गई, जिसने श्रोताओं को अध्यात्म से सराबोर कर दिया।

**भंडारे का किया गया आयोजन**-श्री मां ज्वाला सेवा समिति ने बताया कि सोमवार 12 जनवरी को महायज्ञ की पूर्णाहुती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



## अभिलाष ने संभाला पुलिस चौकी का प्रभार

**चिल्हारी नवभारत।** जिले की पुलिस चौकी अमरपुर में चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह को पदस्थ किया गया है। क्षेत्र में बढ़ते अपराधियों को नियंत्रित करने की विशेष जिम्मेदारी के साथ जिले के पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी द्वारा यह जिम्मेदारी अभिलाष सिंह को सौंपी गई है।



# सड़क पार करते दिखा जंगली हाथियों का झुंड

▸ वन विभाग ने क्षेत्र के रिहायसी इलाके में बढ़ाई चौकसी

**चिल्हारी नवभारत 12 जनवरी।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र के जंगल मे 2 जनवरी को आसपास सड़क मार्ग पार करते हुए जंगली हाथियो का झुंड देखा गया है। जंगली हाथियों का यह झुंड पतौर-पनपथा सड़क मार्ग एसएच-10 को पार करते दिखा है। सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों ने इस नजारे को अपने कैमरे मे कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया मे तेजी से वायरल हो रहा है। जंगली हाथियों का झुंड देखे जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला एक्टिव हो गया है और उस क्षेत्र के जंगल से लगे गांवो के रिहायसी इलाके मे चौकसी बढ़ा दी गई है।

**लोगों से सतर्कता बरतने की अपील**-पार्क प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि अगर गांव और उसके आसपास जंगली हाथियों का झुंड दिखे तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें और सतर्कता बरतें। बता दें कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलो मे बाघ तेंदुए, भालू के अलावा अब जंगली हाथियों ने भी अपना ठिकाना बना लिया है।

# 7 दिन के अंदर जांच कर प्रस्तुत करें प्रतिवेदन

▸ टाइगर रिजर्व में बाघों की हुई मौत पर पीसीसीएफ भोपाल के निर्देश

**चिल्हारी नवभारत 12 जनवरी।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाड़े से बाघ शावक के भाग जाने और बाघ की हुई मौत मामले में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख ने क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को जांच कर 7 दिवस के अंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि बीते दिनों ताला जोन मे बनाये गए बाड़े में पनपथा परिक्षेत्र के सलखनिया बीट से दो बाघ शावको को रेस्क्यू कर लाया गया, जिन्हें रिवाइल्ड करने के लिए बाड़े में रखा गया था। इसमें से एक बाघ शावक फेंसिंग कूदकर जंगल की ओर भाग गया, वहीं धमोखर बफ़र परिक्षेत्र के जंगल में एक बाघ का शव कुंए में पाया गया था।

### जांच कर जल्द ही प्रतिवेदन भेजा जाएगा

बताया जाता है कि बाघ के मौत मामले की दोनों घटनाओं पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख भोपाल ने क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को जांच कर 7 दिवस के अंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक ने बताया कि घटना के मामले की जांच एवं गहन परीक्षण कर जल्द ही प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा।

# पुलिस ने हमलावर चाकूबाज को दबोचा

▸ घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाइकिल जब्त

**शहपुरा नवभारत 12 जनवरी।** चौकी विक्रमपुर क्षेत्रांतर्गत कस्बा विक्रमपुर में मढ़ई आयोजन के दौरान आरोपी नीरज मालवे द्वारा पीड़ित जितेन्द्र बघेल को पावर हाउस के पास बुलाकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी गई। हमले में पीड़ित के दाहिने हाथ की उंगली एवं चेहरे पर ठुड्डी से कान तक गंभीर चोट आई, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ।

घटना की सूचना पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक जिला डिंडोरी वाहनी सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा एवं एसडीओपी शहपुरा अजय तिवारी के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर चाकूबाज आरोपी नीरज मालवे को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।





# वालीबॉल स्पर्धा में सागर आर्मी टीम बनी विजेता

**अमरपुर नवभारत 12 जनवरी।** विकासखंड अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत जलेगांव के पोषक ग्राम खितगांव में तीन दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें जनपद पंचायत अमरपुर सहित जिले व अन्य जिलों की नामीग्रामी टीमों ने लगभग 20 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए सागर आर्मी टीम ने स्पाईकर बिछिया को पराजित कर फाइनल खिताब अपने नाम किया। प्रथम विजेता टीम सागर आर्मी को 10 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी, उपविजेता टीम स्पाईकर बिछिया को 7 हजार रूपए नगद व ट्रॉफी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शहडोल टीम को 3 हजार रुपए नकद व ट्राफी प्रदान की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रीतम सिंह मरावी रहे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, उपाध्यक्ष जय सिंह राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, अशोक साहू, कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष तोक सिंह मरावी, कांग्रेस सोशल मीडिया अध्यक्ष शहपुरा देव सिंह भारती, मत्ते सिंह पट्टा, आयोजन समिति अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सरपंच राय सिंह नेताम, उपाध्यक्ष राजकुमारी पट्टा, सचिव जीवन लाल परस्ते, कोषाध्यक्ष विमला बाई धुर्वे आदि उपस्थित रहे।

# जुहला बाईपास ओवरब्रिज पर पलटा धान से भरा ट्रक

▸ सड़क पर धान की बोरियां फैलने से प्रभावित हुआ आवागमन



**नवभारत,कटनी।** जुहला बाईपास ओवरब्रिज पर रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। ट्रक पटलने से उसमें रखी धान से भरी बोरियां सड़क पर फैल गई।

हादसे की बाद सड़क पर धान के बोरे और धान फैल जाने के कारण कुछ देर के लिए ओवरब्रिज के पास कुछ देर के आवागमन भी प्रभावित रहा। जिससे काफी दूर तक धान बिखर गया और कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक के पलटते ही सड़क पर ट्रक में रखी धान की बोरियों सड़क पर फैल गई। कुछ बोरियों के फटने के कारण धान सड़क पर फैल गई थी। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। धान की बोरियां हटाने के बाद आवागमन सामान्य हुआ।

## ई वितरण प्रणाली से दी जाएगी किसानों को खाद

**कटनी।** किसानों की सुविधा के लिए उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को खाद प्राप्त करने लंबी कतारों में नहीं लगना होगा। ई-विकास प्रणाली में ई-टोकन प्राप्त करने हेतु किसान पोर्टल पर अपने आधार नंबर और मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर पंजीकरण कर सकते हैं। किसानों को प्रदर्शित भूमि की जानकारी के अनुसार खसरा अनुसार बोई गई फसलों की जानकारी स्वयं ही दर्ज करनी होगी। भूमि के रकबे और दर्ज की गई फसल की जानकारी के आधार पर पोर्टल स्वतः ही वैज्ञानिक अनुशंसा अनुसार उर्वरक की गणना कर किसान को आवश्यक उर्वरक की मात्रा प्रदर्शित हो जाएगी।

# हांककर ले जाने की बजाय क्रूरतापूर्वक सड़कों से हटाए जा रहे मवेशी

▸ नगर निगम हॉका गैंग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल



**कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और सुरक्षा के मद्देनजर नगर निगम की हांका गैंग द्वारा बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक मार्गों में आवारा घूम रहे मवेशियों को हटाने के लिए रात्रि में विशेष अभियान चला रही है, लेकिन नगर निगम की हॉका गैंग आवारा मवेशियों को सड़क से हटाने का जो तरीका अपना रही है वह क्रूरतापूर्ण है। कोई आवारा मवेशियों की सींघ बांध रहा है तो कोई पूछ पकड़कर काउ कैचर वाहन में चढ़ा रहा है, जबकि हॉका गैंग को अपने नाम के अनुरूप आवारा मवेशियों को हॉक कर ले जाना चाहिए। बावजूद इसके आवारा मवेशियों को क्रूरता पूर्वक पकड़कर ले जाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगर की प्रमुख सड़कों, चौराहों और व्यस्त मार्गों कोतवाली थाना तिराहा, फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के आस पास, मुड़वारा स्टेशन पहुंच मार्ग सहित मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग में 14 आवारा मवेशियों को पकड़कर उन्हें काऊ कैचर वाहन से अमीर गंज स्थित गौशाला में भेजा गया है। नगर निगम की टीम द्वारा यह कार्रवाई सड़क हादसों को रोकने, सुचारू सफाई व्यवस्था और राहगीरों को आसुविधा से बचाने के लिए की जा रही है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों पर खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी।